# कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा / माध्य / मा–ब / वो–2 / 22803 / 2018–19 / 216 दिनांक : 28.09.2018

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारम्भिक / माध्यमिक – प्रथम / द्वितीय।

**विषयः–** जिला व ब्लॉक स्तर पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह– 2018 के सम्बन्ध में।
**प्रसंगः–** शासन का पत्र क्रमांकः प.18(02) शिक्षा–2 / 2018, जयपुर, दिनांकः 28.09.2018।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि समसंख्यक पत्र दिनांकः 27.08.18 द्वारा आपको जिला व ब्लॉक स्तर आयोजित किये जाने वाले शिक्षक सम्मान समारोह इस वर्ष 5 सितम्बर के स्थान पर 2 अक्टूबर, 2018 को आयोजित किये जाने बाबत निर्देश पूर्व में प्रदान किये जा चुके हैं। प्रासंगिक शासकीय निर्देशों के क्रम में 2 अक्टूबर, 2018 को गांधी जयन्ती के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह जिला एवं ब्लॉक स्तर आयोज्य शिक्षक सम्मान समारोह हेतु एतद् द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किये जाते हैं :–

## I जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह :–

- जिला स्तरीय समारोह का आयोजन जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की जिला स्तरीय निष्पादन समिति के तत्वावधान में किया जायेगा। जिला स्तरीय समारोह में प्रभारी मंत्री,जिला प्रभारी सचिव एवं जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों,शिक्षक संघों के प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जावे।
- इस कार्यक्रम के आयोजन स्थल का चयन जिला कलक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा एवं जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा से विचार–विमर्श उपरांत किया जावेगा।
- जिला स्तरीय समारोह में निम्नलिखित गतिविधियां सम्मिलित की जावेगीः–
  (1) जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान।
  (2) जिला स्तर पर शिक्षा विभाग की उपलब्धियों की समारोह स्थल पर प्रदर्शनी करना।
  (3) जिले से शिक्षा में योगदान हेतु सहभागिता के लिये विभिन्न संस्थाओं से MOU हस्ताक्षरित किया जावे।
  (4) जिला स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

  - **उजियारी पंचायत के सम्बन्ध में :–**

उक्त जिला स्तरीय सम्मान समारोह में उजियारी पंचायत के संबंध में भी निम्नानुसार कार्यवाही की जावेः–

1. जिले में चयनित उजियारी पंचायत एवं उत्कृट कार्य करने वाले तीन कार्मिकों को जिला स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया जावे।
2. चयनित उजियारी पंचायत के पीईईओ एवं सरपंच को सम्मिलित रूप से उजियारी पंचायत का प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जावे।
3. उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन कार्मिकों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये जावें।
4. समारोह हेतु जिलों को आवंटित राशि का उपभोग उजियारी पंचायतों के लिये भी किया जावेगा।

## II ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह :–

(1) ब्लॉक स्तरीय समारोह का आयोजन आदर्श विद्यालय योजना के क्रियान्वयन हेतु मनोनीत उपखण्ड स्तर के राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की देखरेख में किया जाना है। ब्लॉक स्तरीय समारोह का आयोजन ब्लॉक में स्थित सबसे बडे विद्यालय में किया जा सकेगा। ब्लॉक स्तरीय समारोह में प्रधान एवं पंचायत समिति स्तर के समस्त जनप्रतिनिधियों, शिक्षक संघों एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जावे।



Scanned by CamScanner

(2) कार्यक्रम के आयोजन की समस्त जिम्मेदारी संबंधित नोडल/बड़े विद्यालय के संस्था प्रधान की होगी।

(3) ब्लॉक स्तरीय समारोह में निम्नलिखित गतिविधियां सम्मिलित की जावेगी:–

- ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक का सम्मान।
- ब्लॉक स्तर पर शिक्षा विभाग की उपलब्धियों की समारोह स्थल पर प्रदर्शनी करना।
- जिले से शिक्षा में योगदान हेतु सहभागिता के लिये विभिन्न संस्थाओं से MOU हस्ताक्षरित किया जावे।
- ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना सुनिश्चित करावें।

**III** **बजट प्रावधान**

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह–2018 हेतु शासन स्तर पर गठित आयोजन समिति की प्रमुख शासन सचिव महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक: 22.08.2018 में लिये गये निर्णयानुसार जिला एवं ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह हेतु अग्रांकित विवरणानुसार बजट प्रावधान किया जाता है:–

1. जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रत्येक जिले को एक लाख रुपये कि राशि राजस्थान पाठ्य पुस्तक मण्डल द्वारा आवंटित की जावेगी। इसके अतिरिक्त राशि व्यय होने पर उसकी व्यवस्था जनसहभागिता एवं विद्यालय विकास कोष निधि के माध्यम से की जावेगी।
2. ब्लॉक (पंचायत समिति) स्तरीय कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रत्येक पंचायत समिति को 10 हजार रुपये की राशि राजस्थान पाठ्य पुस्तक मण्डल द्वारा आवंटित की जावेगी। इसके अतिरिक्त राशि व्यय होने पर उसकी व्यवस्था जनसहभागिता एवं विद्यालय विकास कोष निधि के माध्यम से की जावेगी।

**समस्त सम्बन्धितों द्वारा उपर्युक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए।**

**(नथमल डिडेल)**
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान,बीकानेर

**प्रतिलिपि:** निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव,स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग,राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त, स्कूल शिक्षा,राजस्थान एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद,जयपुर।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान,जयपुर।
5. सचिव, राजस्थान राज्य चपाठ्य पुस्तक मण्डल, जयपुर।
6. वित्तीय सलाहकार, कार्यालय हाजा ।
7. समस्त मण्डल उपनिदेशक, माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा।
8. सिस्टम एनालिस्ट,कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
9. स्टाफ ऑफिसर,कार्यालय हाजा।
10. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक(माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर



Scanned by CamScanner